हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

06 दोपहर 2 बजे शुरू हुआ चल समारोह, शाम 6 बजे हुई...



07 राज्यमंत्री, विधायक भी पहुंचे लोगों के द्वार, मांगा...





### रंगारंग आतिशबाजी भी की गई, हजारों नागरिक दशहरा मैदान पर पहुंचे

# नलखेड़ा में 41 फिट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकरण का दहन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माने जाने वाला पर्व विजयादशमी नगर में पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। मां बगलामुखी मंदिर के समीप मैदान में 41 फिट ऊंचे रावण के साथ कुंभकरण एवं मेघनाथ के 12 फिट ऊंचाई के पुतलों का दहन भगवान श्रीराम द्वारा अग्निबाण चलाकर किया गया। इस दौरान शस्त्र पूजन एवं शमी वृक्ष की पूजा जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई। रावण दहन के पूर्व रंगारंग आतिशबाजी भी हुई जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में नागरिक दशहरा मैदान पर उपस्थित थे।

प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी नगर पंचायत द्वारा रावण के 41 फिट ऊंचे पुतले के साथ मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतलो का निर्माण करवाया गया था। रावण दहन के पूर्व सांवलिया नाथ मंदिर से सायं 5:30 बजे राम लक्ष्मण हनुमान की सवारी प्रारंभ हुई जिसमें सुसज्जित रथ में राम लक्ष्मण व हनुमान की वेशभूषा में बालक बैठे हुए थे। सवारी के आगे-आगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन भी चल रहा था जिसमें घोष वाहिनी दंड वाहिनी के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल थे। सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई माँ बगलामुखी मंदिर के समीप दशहरा मैदान पर पहुंची। इसके पश्चात न्यायाधीश नितिन सोनी, एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोविंद राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी, नगर परिषद के सीएमओ बाबूसिंह राजपूत, थाना प्रभारी नागेश यादव के साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शस्त्र पूजन कर शमी वृक्ष की पूजन भी की गई तथा भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान की आरती की गई।

दशहरा मैदान पर बाहर से बुलाए गए कलाकारों द्वारा रंगारंग आतिशबाजी की प्रस्तुति के बाद भगवान श्रीराम द्वारा बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन अग्निबाण चलाकर किया गया। रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम लक्ष्मण एवं हनुमान के साथ नगरवासियों द्वारा समीप स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया गया।

### संचलन के साथ निकलती है श्रीराम की सवारी



देश भर में नलखेड़ा ही एकमात्र ऐसा स्थान है जहां वर्षों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों के पथ संचलन के साथ प्रभु श्रीराम की सवारी निकलती है। देश में जब संघ पर प्रतिबंध लगाए गए थे तब भी नलखेड़ा नगर में परंपरागत रूप से संचलन के साथ श्रीराम की सवारी निकली थी व रावण दहन हुआ था।

दशहरे पर हुआ 41 फिट के रावण का दहन

# हर्षोल्लास से मना असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अधर्म पर धर्म की जीत असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व नगर में गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष 41 फिट के रावण के पुतले का दहन परंपरा अनुसार किया गया। दहन के पूर्व दशहरा मैदान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा अधर्म पर धर्म की जीत को देखने के लिए भारी संख्या में लोग आए दहन के पूर्व रायपुरिया रोड स्थित खेल ग्राउंड दशहरा मैदान पर रंगारंग आतिशबाजी की गई।

शाम को 5 बजे श्री राम लक्ष्मण और हनुमान की शोभायात्रा नगर में निकली, जिसमें बग्गी पर सवार होकर राम लक्ष्मण और हनुमान का स्वरुप धरे चल रहे थे। बग्गी को आकर्षक फूलों से सजाया गया और नगर भ्रमण करते हुए खेल ग्राउंड में पहुंची जहां पर नगर के ठाकुर केशव सिंह दरबार द्वारा श्री राम लक्ष्मण और शमी के वृक्ष की पूजा की गई जिसके पश्चात नगर परिषद द्वारा बनाए गए 41 फिट ऊंचे रावण का श्रीराम ने बाण चला कर दहन किया।



### जल्दी रावण दहन से कई लोग देखे बिना रास्ते से लौटे

विजयदशमी पर रायपुरिया रोड स्थित खेल ग्राउंड में रावण दहन देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। हर साल दशहरे पर जहां लगभग 7 बजे रावण दहन होता है, वही इस वर्ष 6:30 बजे रावण के पुतले का दहन कर दिया गया। रावण दहन जल्दी होने से कई लोग रावण दहन देखने से वंचित रह गए। कुछ लोग तो जल्दी रावण दहन होने से रावण दहन देखे बिना ही रास्ते से वापस लौटना पड़ा। रावण दहन में हुई जल्दबाजी का कारण सभी के समझ से परे था। रावण दहन के बाद खेल ग्राउंड पर ही रावण दहन में जल्दबाजी लोगों में चर्चा का विषय रहा।

### पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था

दशहरा पर्व पर पूरे दिन पुलिस प्रशासन व्यवस्थाओं को लेकर मुस्तैद रहा। दशहरा मैदान पर भी यातायात व्यवस्था को संभालने से लेकर ग्राउंड पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था में थाना प्रभारी राजकुमार दांगी अपने पूरे स्टाफ सहित मौजूद थे। आयोजन शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## श्रीराम-लक्ष्मण व हनुमानजी के साथ निकली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते हैं।

इसी के चलते गुरुवार को विजयादशमी पर्व मनाया गया। गुरुवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें राम लक्ष्मण व हनुमान का रूप धरे तीन बच्चें भी शामिल थे। भक्तगण झांझ मजीरों व ढोलक पर भजन गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी अपने नियत मार्गो से होती हुई चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां श्रीराम स्तुति के पश्च्यात सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी।

## भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन पंजीयन प्रक्रिया का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भावांतर योजना खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत सोयाबीन पंजीयन की प्रक्रिया शुक्रवार से प्रारंभ हो गई है। स्थानीय प्राथमिक सहकारी संस्था में समारोहपूर्वक शुभारमंभ किया गया जिसमें पंजीयन करवाने वाले प्रथम किसान का स्वागत किया गया।

शुक्रवार को प्राथमिक सहकारी संस्था में भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन पंजीयन के कार्य का शुभारंभ एक समारोह आयोजित कर किया गया। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष व जिला मंत्री पवन वेदिया, शाखा प्रबंधक ज्ञानप्रकाश तिवारी, पर्यवेक्षक धरमचंद जैन व संस्था प्रबंधक भेरूलाल नवाया उपस्थित थे। समारोह में प्रथम पंजीयन करवाने वाले कृषक का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। गौरतलब है कि योजनांतर्गत किसानों का पंजीयन शुक्रवार से प्रारम्भ हुआ है। किसान ग्राहक सुविधा केंद्र, एमपी किसान एप, एमपी ऑनलाइन किओस्क पर जाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीयन करवा सकते हैं। इसके साथ ही नलखेड़ा तहसील में विपणन सहकारी संस्था नलखेड़ा, प्राथमिक सहकारी संस्था नलखेड़ा, बड़ागांव, सेमलखेडी, धारोला, पानखेड़ी पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।



## ग्राम भैसोदा में निकला संघ का पथ संचलन



**नलखेड़ा**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में तहसील के ग्राम भैसोदा में स्वयसेवकों का पथ संचलन निकला। विजयादशमी के अवसर पर ग्राम भैसोदा में मंडल संचलन निकाला गया। संचलन में घोष वाहिनी ध्वज वाहिनी के साथ ही कई दंड वाहिनी शामिल थी। जिसमे स्वयंसेवक अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कदमताल करते चल रहे थे। संचलन सम्पूर्ण ग्राम में निकाला गया। जहाँ स्थान स्थान पर संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन के पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ स्वयंसेवक गणेशलाल खंडेलवाल उपस्थित थे। अतिथि के रूप में सुखदेव बैरागी के साथ मंडल कार्यवाह कुलदीप तेजरा मंचासीन थे। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन उपरांत संचलन प्रारंभ हुआ।

### दशहरा पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने किया शस्त्र व वाहनों का पूजन

# हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए : करण सिंह वर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दशहरे के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया और प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इसके साथ ही नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की विशेष परंपरा है, जो आत्मरक्षा और वीरता के महत्व को दर्शाती है।

हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, गौरव सन्नी महाजन, सुदीप प्रजापति, पंकज गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी शस्त्रों एवं अपने वाहनों की पूजा की तथा सभी को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए जिले एवं देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## कलेक्टर ने विभिन्न भावांतरण पंजीयन केन्द्रों निरीक्षण किया



**नलखेड़ा**। सोयाबीन उत्पादक कृषकों के हित में संचालित भावांतर योजना का पंजीयन कार्य 3 अक्टूबर से जिले में 33 सहकारी विपणन संस्था एवं प्राथमिक सहकारी संस्थाओं पर प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर प्रीति यादव ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न पंजीयन केन्द्रों पर कृषकों के पंजीयन की जानकारी ली गई।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम सहकारी संस्था मदकोटा पहुंचकर भावांतरण पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी किसान पंजीयन से वंचित न रहे तथा संपूर्ण प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम रूप से संपन्न हो। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भावांतर योजना राज्य शासन की प्राथमिकता है, अतः पंजीयन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब न हो। किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की पूर्व जानकारी दी जाए।

इसके उपरांत कलेक्टर ने सहकारी संस्था बड़ौद के पंजीयन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीयन केन्द्र पर लाईट की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, कृषकों की सुविधा हेतु वॉटर पुरफ टेंट लगवाएं। आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाकर कृषकों का पंजीयन किया जाए। उन्होंने बड़ौद मंडी परिसर में व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश मंडी सचिव को दिये। इस अवसर पर कलेक्टर ने मंडी व्यापारियों से चर्चा की।

**खबर संक्षेप**

## अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**देवास।** जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम देवास आनंद मालवीय, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, किसान संघ के पदाधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति के व्यापारीगण, कृषकगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने कहा कि भावांतर योजना के तहत किसानों के पंजीयन शुरू हो गए है। भावांतर योजना के तहत जिले में 17 अक्टूबर तक पंजीयन होगा और जिले की मंडियों में 24 अक्टूबर से खरीदी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जांच दल बनाये गए है। व्यापारी रिकार्ड प्रबंधन अच्छे से करें। भावांतर पंजीयन देखकर किसानों का सोयाबीन कम भाव पर खरीदने पर कार्यवाही की जाएगी। भावांतर योजना के तहत अनुभाग स्तर पर बैठक होगी। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन के पंजीयन जिले की समस्त बहुद्देशीय सेवा सहकारी समिति के माध्यम से निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही एम.पी. ऑनलाइन, कामन सर्विस सेन्टर के कियोस्क पर लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था भी है। भावांतर योजनांतर्गत पंजीयन पूर्व की भांति किसान पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जब कृषक का भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधारकार्ड में दर्ज नाम से होगा। किसान अपनी उपज मंडी में जाकर बेच सकेंगे। 15 दिवस में भावांतर की राशि का किसान के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे अन्तरण किया जाएगा। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 प्रति क्विंटल है। बैठक में किसानों से पराली न जलाने और प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह भी किया।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर चार प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त देवास अ एवं ब में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की गई, जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर मक्सी रोड पर खुशबू होटल एवं होटल दा साहब एवं अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई,जिसमे एक मोटर साइकिल,159 पाव देशी मदिरा 24 केन बियर एवं 46 पाव विदेशी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही में 04 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश भार्गव, प्रेम यादव मुख्य आरक्षक, राजाराम रायकवार बालमुकुंद गौतम, आबकारी आरक्षक , बाल कृष्ण जायसवाल, अरविंद जिनवाल दीपक टटवाडे ,आशीष गुप्ता ,निकिता परमार सैनिक किशोर सिसोदिया,अनिल चौहान एवं अनिल अकोड़िया शामिल थे।

### उमंग उत्साह के साथ निकला मां दुर्गा का ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह

# दोपहर 2 बजे शुरू हुआ चल समारोह, शाम 6 बजे हुई तेज बारिश के बाद भी रहा जारी, माता के भक्तों ने नम आंखों से दी विदाई




प्रशासन और पुलिस ने संभाला मोर्चा, विसर्जन जूलूस की सतत निगरानी मौजूदगी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन






















हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां शारदीय नवरात्रि महापर्व पर हर वर्ष ग्यारस पर निकलने वाला मां दुर्गा का ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष दोगुने उत्साह के साथ निकला। जिस प्रकार भक्तों ने माँ दुर्गा की नौ दिनो तक उपासना की। उसी प्रकार चल समारोह को ऐतिहासिक बनाकर माता की आकर्षक प्रतिमाओ को जुलूस में सम्मिलित किया। गुरुवार रात्रि से ही समितियो द्वारा जुलूस मार्ग पर मंच बनने एवं सजने तैयार हो गए थे। शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे तक शहर का मुख्य मार्ग एमजी रोड़ स्वागत मंचो से सज गया। दोपहर 2 बजे पश्चात चल समारोह के मुख्य मार्ग एमजी रोड पर प्रवेश करने के लिये जैसे ही माँ दुर्गा की पहली झांकी सयाजी द्वार पर पंहुची। वैसे ही एक के पीछे एक माता की आकर्षक प्रतिमाएं पहुंचने लगी। जिन्हें निहारने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु शहर पहुंचे और माता जगदम्बे को अंतिम विदाई दी। चल समारोह का शुभारंभ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से माँ तुलजा भवानी की आरती के साथ हुआ। चल समारोह के दौरान शाम 6 बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जो लगभग 45 मिनिट तक जारी रही। तेज बारिश के बीच भी चल समारोह के उत्साह में कमी नही आई। आयोजक माता प्रतिमा को पॉलीथिन से सुरक्षित कर ले जाते नजर आए। ऐतिहासिक चल समारोह देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमें एक से बढकर एक माता की प्रतिमाए भक्तों के मन को आकर्षित करने वाली थी। जिसे देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोग जुटे। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने जगह-जगह मंच लगाकर समारोह का स्वागत किया। समारोह के दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कई युवा ढोल-ताशे पर झूमते हुए नजर आए, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। चल समारोह देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर पहुंचे। पुलिस ने पूरे शहर में विभिन्न चौराहों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। एमजी रोड मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। झांकियों के साथ सामाजिक संदेश भी दिए गए। इनमें 'हर कन्या का सुरक्षित घर पहुंचना ही असली कन्या पूजन है' और 'जो बेटी की कीमत ना जाने वह पिता नहीं व्यापारी है उसके घर बेटी मत देना वह तो स्वयं अत्याचारी है' जैसे स्लोगन प्रदर्शित किए गए। विभिन्न सार्वजनिक पंडालों के आयोजकों का सॉफा बांधकर व भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। निकले चल समारोह में लगभग 60 से अधिक माता की प्रतिमाएं शामिल हुई।

### मातृशक्ति भी उत्साह से हुई शामिल

चल समारोह में इस उम्मीद से एम.जी. रोड पर दोनो और दर्शनार्थी, माताएॅ-बहिने एवं पुरुष वर्ग आकर बैठ गया था। चल समारोह में भगवा टोपी एवं परिधान धारण किये मातृशक्ति भी गरबा, डांडिया करते हुए उत्साह से शामिल हुई। खास बात यह रही कि चल समारोह का कहीं कोई नेतृत्व नहीं, समाज एवं दुर्गा उत्सव समितिया स्वयं ही नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरकर सामने आयी। चल समारोह में समाज की उत्सवप्रियता एवं परम्परा के साथ प्रेसजगत की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### मां अंबिका चौक मंदिर पर नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में मनाया नवरात्रि पर्व

# पुरस्कार वितरण के साथ 10 दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान प्रतिदिन 60 बालिकाओं द्वारा गरबे के साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रतिदिन शाम को मां अंबिका की महाआरती का आयोजन किया जाता था।

साथ ही गरबे का आयोजन भी हुआ। प्रिया कारपेंटर एवं मोनिका राजपूत द्वारा गरबा करने वाली बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। नवमी की रात्रि को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंदिर पुजारी रवि शंकर दुबे, समिति अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार, वरिष्ठ कथा वाचक मिश्रीलाल व्यास, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गौरव दुग्गड,बालवान सिंह सेंधव,राजेश सिंह राजपूत , चंपालाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर स्व. कल्याण सिंह सेक्रेटरी की स्मृति में बलवान सिंह सेंधव द्वारा सभी बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किया गया। आयोजन समिति द्वारा लाइट डीजे, टेंट संचालकों को भी सम्मानित किया गया। नवरात्रि कार्यक्रम के दौरान नगर के अलग-अलग स्कूल के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर एक से बढ़कर एक शानदार परिस्थितियों दी। इस पर



विद्यालय को शील्ड प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी प्रमाण पत्र एवं पेन समिति की ओर से भेंट किए गए। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में सहयोग करने पर अभिनंदन किया गया। दशहरे के अवसर पर सभी नगर वासियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की। उक्त



आयोजन में नव दुर्गा युवा उत्सव समिति एवं मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

**चापडा।** गुरुवार को दशहरे पर नगर में तीन स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी रावण दहन देखने पहुंचे। पंचायत भवन के सामने पंचायत द्वारा रावण के पुतले का दान किया गया। बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर युवाओं द्वारा 21 फीट का रावण का पुतला बनाया गया। जहां पर आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया गया। इसी दौरान नेमावर रोड पर वैष्णव परिवार द्वारा रावण का पुतला बनाकर उसका दहन किया गया। इस दौरान राम लक्ष्मण सीता की झांकियां भी बनाई गई। रावण दहन देखने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे। दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को दशहरे पर्व की बधाई दी। चौराहे पर स्थित मां अंबिका मंदिर पर प्रतिवर्ष के अनुसार मंदिर समिति द्वारा भज्जिया उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर पकौड़ों का लुफ्त उठाया।

## जिले में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत की जा रही है विलेज विजन प्लानिंग




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जनजातीय कार्य विभाग तथा 6 अन्य लाइन विभागों के आपसी समन्वय एवं सहयोग से चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान में देवास जिले के कुल 135 ग्रामों में विलेज विजन 2030 हेतु प्रत्येक ग्राम को विकसित करने एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने के लिए कार्य किया जा रहा है।जिले के विकासखंड बागली के 51 ग्राम पंचायतों के 71 जनजातीय ग्राम, विकासखंड कन्नौद की 30 पंचायतों के 42 ग्रामों, विकासखंड खातेगांव की 16 पंचायतों के 22 ग्रामों में इस अभियान अंतर्गत विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों में समस्याओं के निवारण के लिए प्रत्येक ग्राम में एक आदि सेवा केंद्र का निर्धारण किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामजनों की शिकायतों/समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा। इन आदि सेवा केंद्रों का संचालन आदि साथी, आदि कर्मयोगी, आदि विद्यार्थी के आपसी सहयोग एवं समन्वय से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भतीजी को छत से गिराकर घायल करने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम ककड़ारी निवासी कैलाश साहू पुत्र प्रभूदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 1 अक्टूबर को उसकी भतीजी को जान से मारने की नीयत से गिराने का प्रयास किया गया। बताया कि एक अक्टूबर को उसका भाई व बहू खेत पर गये हुये थे और घर पर उनकी भतीजी स्वारती पुत्री मुकेश अकेली थी। तभी गांव में रहने वाला रितिक साहू पुत्र राजू साहू ने उनकी भतीजी को छत से धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसकी भतीजी को चोट आयी है और रीढ़ की हडडी में भी गंभीर चोट है। घायलावस्था में भतीजी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रितिक साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दबंगों ने ग्रामीणों को जमकर पीटा



**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम डोंगराकलां निवासी भरत अहिरवार पुत्र हिरऊ ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते गुरूवार को अपराह्न करीब 3 बजे वह मूर्ति विसर्जन करने के लिए तालाब की ओर जा रहा था। तभी ग्राम बेटना निवासी दुरग सिंह लोधी के टयूबबेल के पास गांव के महेश पुत्र नाथूराम अहिरवार व हरीओम पुत्र मूलचंद्र अहिरवार ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर बचाव करने पहुंचे अभय पुत्र किशोरे अहिरवार, भूपेन्द्र पुत्र ध्यानी अहिरवार के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बैंक गई नाबालिग पुत्री हुई लापता

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ला में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे उनकी नाबालिग पुत्री घर से बैंक के कार्य से गयी हुयी थी। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी तो उन्होंने पुत्री की खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ज्वालामाता मंदिर पर विशाल भंडारा संपन्न

**ललितपुर।** हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी नवरात्रि के बाद दशहरा पर डोंडाघाट स्थित ज्वाला माता मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मोहल्ले के लोगों ने भण्डारे में प्रसाद लिया छोटी-छोटी कन्याओं को चुनरी उढ़ाकर सभी ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समस्त मुहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

# नगर पालिका परिषद के उप चुनाव

## भाजपा प्रत्याशी सोनाली ने मांगे वोट

# राज्यमंत्री, विधायक भी पहुंचे लोगों के द्वार, मांगा समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी सोनाली जैन ने शुक्रवार को मोहल्ला रामनगर में घर-घर जाकर वोट मांगे। वहीं राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी और सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी गलियों में घूम-घूम कर लोगों से समर्थन करने का आह्वान किया।

राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ ने कहा कि नपा परिषद के चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व जीत हांसिल हुयी थी। लेकिन कार्यकाल दो-ढ़ाई वर्ष ही चल सका। अब उप चुनाव घोषित हैं, इसलिए पांच वर्ष के लिए जनता से मांगे गये कार्यकाल को पूरा करते हुये शहर के विकास को आगे बढ़ाने और घर-घर तक अपनी नीतियों को पहुंचाने के लिए मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी को फिर से समर्थन देना चाहिए, ताकि वह परिवार अपने कार्यकाल को पूरा करते हुये शहर में विकास कार्यों के नये आयाम को तय कर सकें। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशाअनुरूप पूरे शहर में सड़कों को पक्का किया जो रहा है और जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी लगातार की जा रही है। कहा कि अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन को अपना अमूल्य मत देकर विजयी बनायें। इस दौरान जगदीश सिंह लोधी, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, भगत सिंह राठौर, मनोज खटीक, राजकुमार नामदेव, अंशराज नामदेव, रामेश्वर सड़ैया, मनीष अग्रवाल, महेश भैया, राजदीप जैन, सचेंद्र जैन, रजनेश जैन, हार्बर कुमार, अनूप नजा, प्रीतिंकर जैन, अरविन्द सैनी, अंकित दुबे, दीपक वैद्य, प्रखर जैन, अशोक कुशवाहा, रवि ठाकुर, रोहित रावत, बालकिशन राजपूत, सुरेंद्र रजक, जगदीश सिंह राजपूत, दीपक पराशर, संजय पड़वा, गब्बर अहिरवार, रानी जहां, सालनी जैन, वंदना जैन, अमन सोनी, सौरभ जैन, सुशांत जैन, तेजस श्रीवास्तव, नसीर मंसूरी, दीपक जैन सिंघई, नदीम अहमद, बृजलाल कुशवाहा, अमित तिवारी, घासीराम सहारिया, पार्वती खटीक, अमरदीप रजक, सचिन कुमार, रवि साहू, विक्रम प्रताप बुंदेला, शिवम तिवारी, आशीष हुण्डैत, मयंक साहू, हर्ष चौबे, केके साहू, अवतार लोधी, भरत विश्वकर्मा, बब्बू राजा, वैभव गुप्ता, मनीष अग्रवाल, राजवीर जाट, नवीन जैन, कल्लन कुशवाहा, कमलापत रिछारिया, छोटू कुशवाहा, रुपेश नामदेव, रितिक कटारे, हाकिम सिंह, धर्मेन्द्र राजपूत, राहुल मोदी, गौरव चौधरी, रवि ठाकुर, कपिल कुशवाहा, देवेंद्र राजपूत, नितेश संज्ञा, नितिन राठौर, वृंदावन कुशवाहा, राज शिवहरे अनेकों भाजपा नेता मौजूद रहे।

## दो निर्दलीय भी चुनावी समर में डटे

# सात में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिए वापस

### भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी टक्कर के आसार



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के उप चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को नाम वापिसी की प्रक्रिया अपनाई गयी। इस प्रक्रिया में निर्धारित समय अनुसार सात में से तीन प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये। हालांकि शहर में इस बात की चर्चा अधिक तो नहीं है, लेकिन इतनी चर्चा अवश्य है कि गठबंधन ने रूठे कार्यकर्ताओं को मना लिया, तो वहीं दूसरी ओर सत्तादल ने जातिगत समीकरण साधने में सफलता हांसिल की है। अब चुनावी मैदान में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन समेत दो निर्दलीय प्रत्याशी और भी मैदान में हैं। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद के उप चुनाव को लेकर सितम्बर माह में चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी थी।

अधिसूचना जारी होते ही राजनैतिक दलों में उथल-पुथल का माहौल बना, लेकिन नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम दिवस के ठीक एक दिन पहले सबकुछ सामान्य सा हो गया। सत्तादल की ओर से पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती सरला जैन जिनके निधनोपरान्त यह उप चुनाव सम्पन्न हो रहे हैं की पुत्रवधू सोनाली जैन को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की गठबंधन प्रत्याशी के रूप में नीलम चौबे को अधिकृत उम्मीदवार बनाया गया। इसके अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रामदास श्रोती ने अपनी पत्नी अनुपमा श्रोती को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन जमा करा दिया। वहीं कांग्रेस से निष्कासित रहते हुये हरीबाबू शर्मा ने भी अपनी पत्नी श्रीमती अरूणा शर्मा को नामांकन दाखिल कराया। इसके अलावा आम आदमी पार्टी से बागी होकर आप नगराध्यक्ष मीना राजा के अलावा नदीपुरा निवासी नाजरीन पत्नी रऊफ मंसूरी व जैन समाज से ही आने वाली आजादपुरा निवासी सूबी ने भी अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया। अगले दिन हुयी नामांकन पत्रों की जांच में जमा किये गये सभी नामांकन पत्र सही पाये गये थे। नामांकन पत्र भरे जाने से वापस लेने की तारीखों के बीच निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने-अपने पक्ष में नामांकन वापस लेने के लिए काफी असमंजस्य की स्थिति बनी रही। हालांकि नामांकन वापस लेने की बात पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीबाबू शर्मा की पत्नी अरूणा शर्मा, वरिष्ठ सपा नेता रामदास श्रोती की पत्नी श्रीमती अनुपमा श्रोती और जैन समाज से आने वाली श्रीमती सूबी जैन मान गये और नामांकन पत्र वापिसी की आखिरी तारीख 3 अक्टूबर 2025 को तीनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये। इसके बाद अब नगर पालिका के अध्यक्ष पद को लेकर उप चुनाव के समर में बीजेपी से सोनाली जैन, सपा-कांग्रेस गठबंधन से नीलम चौबे के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाजरीन व मीना राजा मैदान में हैं।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी का जनसंपर्क

# गली-कूचों में लोगों के घर-घर पहुंच कर मांगे वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से गठबंधन की अधिकृत प्रत्याशी नीलम चौबे ने शुक्रवार से अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शहर की गलियों में टूटी पड़ी नालियां और कच्ची सड़कों की हालत देखकर गठबंधन कार्यकर्ताओं ने कहा कि विकास के पथ को फिर से शुरू करने के लिए चुनाव चिह्न साइकिल पर मोहर लगाकर जनता अपना अमूल्य वोट दे। गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने शहर के मोहल्ला चौकाबाग में जाकर तूफानी जनसम्पर्क किया। सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे ने वर्तमान समय में होने बाली जनसमस्याओं के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। जिसमें सबसे ज्यादा समस्या जल भराव टूटी फूटी रोड नालियां, प्रदूषण और मच्छरों से होने बाली बीमारियों की है जिससे सभी उम्र के बीमार पड़ रहे हैं। इन सब परेशानियों को सुन कर प्रत्याशी नीलम चौबे के पति आशीष चौबे ने कहा कि अगर जनता ने मत स्वरूप आशीर्वाद दिया तो इस तरह की परेशानियों का तुरंत निवारण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने चौकाबाग में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क करने जनता के बीच पहुंची नीलम चौबे को आमजन ने हाथों-हाथ लेते हुये फूलमालाओं से लाद दिया। वहीं दूसरी ओर लोगों ने वार्ड के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। आमजन ने कहा कि जो प्रत्याशी वार्डों की समस्याओं को दूर करे, सबसे ज्यादा नालियों का निर्माण सफाई कार्य और पानी न मिलना है को दूर करेगा, उस को वोट देंगे। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हाप्रसाद निरंजन, गिरधारी यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, विद्याकांत मालवीय, मकरंद किलेदार विक्की, विजय यादव, परवेज पठान, विजय रायकवार, कांग्रेस नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, मोन्टी शुक्ला, शहरोज खान, आधार सिंह यादव, रोहित राठौर के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र

# गली में दबंग मकान बनाकर कर रहे सार्वजनिक रोड पर अवैध अतिक्रमण



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरूनगर में रहने वाले लोगों ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र रोड काली माता मंदिर केपास सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों द्वारा अवैध निर्माण किये जाने का आरोप लगाते हुये इसे रोके जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में लोगों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्ले की रोड काफी खराब है एवं पानी पाइप लाइन की समस्याएं हैं। आरोप है कि बीती 30 सितम्बर की शाम करीब 5 बजे मोहल्ले में पाइप लाइन का काम चल रहा था, तभी पड़ौस में रहने वाले दबंग व्यक्ति द्वारा जो कि रेलवे स्टेशन पर निवासरत हैं द्वारा मोहल्ले के लोगों को गालियां देते हुये पाइप लाइन का काम रूकवा दिया और रोड भी नहीं डलने देने की धमकी दी। आरोप लगायाकि उक्त लोगों द्वारा गली में कब्जा करने का प्रयास करते हुये मकान बनाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

ज्ञापन देते समय गंगाराम पाल, अमित, राजेन्द्र रायकवार, सुनीता कुशवाहा, संतोष रजक, गोविन्ददास विश्वकर्मा, मालती, जितेन्द्र श्रीवास्तव, रामवती विश्वकर्मा, रामकुंवर, मोती, ऊषा, ममतादेवी, राहुल, रामकली, माया, सविता, रूकसानो, सावित्री रैकवार, संतोष, अंगूरी, बबीता आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान में एलडीएम ने की हिस्सेदारी



**ललितपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान में जिले के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। समाज को एक प्रेरक संदेश देने का प्रयास भी किया कि अगर समाज की सेवा और एक स्वस्थ समाज की रचना हमारा ध्येय बन जाये तो स्वच्छता अभियान से हम वो लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान की जब शुरुआत की थी, तब ये सेवा आज के समय में, इतनी प्रासंगिक होगी इसका महत्व वर्तमान में ज्ञात हुआ। पीएनबी हमेशा ही समाज में सेवा और संकल्प की प्राप्ति के लिए तत्पर रहता है। इसी क्रम में जिले के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक के सभी कर्मचारी ने इस अभियान की सफलता के लिए कमर कसी। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में पंजाब नेशनल बैंक की सभी शाखाओं ने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर के इस पखवाड़े में अपने बैंक के बाहर व आस पास सफाई करके समाज को संदेश देने की कोशिश की है कि अपने घर और आस पास सफाई रखें और स्वस्थ रहें। इस अभियान में एलडीएम रंजीत कुमार, मुकेश पटेल, धर्मेंद्र पाठक, संदीप साद्य, हेतराम, आरसेटी कार्यालय से सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल, भर्ती

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विघाखेत में गुरुवार देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान गाली-गलौज को लेकर विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में ग्राम प्रधान सहित 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां एक पक्ष के तीन लोगों को भर्ती करना पड़ा।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 12 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह बुंदेला (35) के भाई और दूसरे पक्ष के गंगाराम राजपूत (30) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढने पर गाली-गलौज हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों को अलग कर दिया। इसी बीच रात करीब 8 बजे राजेश

**विघाखेत की घटना पर दर्ज की एफआईआर**

पुत्र हरनारायण (38) ने पुलिस को बताया कि उसके चचेरे भाई गंगाराम को ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के परिजन घर के बाहर पीट रहे थे। उसने बीच-बचाव कर गंगाराम को अंदर भेजा, लेकिन कुछ देर बाद ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह अपने भाई ब्रजेश सिंह (26), मां बालकुंवर (60), कृष्णपाल पुत्र जयपाल और देवेंद्र पुत्र हरदेव (21) सहित करीब 15 लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। इस दौरान बचाने आईं राजेश की पत्नी नेहा (35), बड़े भाई सीताराम (50), भाभी लीला (48) और भतीजा गंगाराम (25) भी घायल हो गए। वहीं, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह का कहना है कि जब वह मोहल्ले में थे, तभी राजेश के परिजनों ने उन पर और उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

इस हमले में वह स्वयं, उनके भाई बृजेंद्र, मां बालकुंवर, कृष्णपाल और देवेंद्र घायल हो गए। कोतवाली सदर के प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि ग्राम विघाखेत में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# हवन-पूजन करा रहे युवक के घर चोरी

### बदमाश जेवरात, कागजात समेत तीन लाख रुपए नकदी ले उड़े

**ललितपुर।** श्रीमद भागवत कथा के दौरान हवन-पूजन करा रहे यजमान के घर बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने यजमान के घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये नकदी और उधारी की किताब वहीं, मोबाइल के अलावा आवश्यक कागजात चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। थाना जखौरा अन्तर्गत रहने वाले रघुवीर पुत्र छोटेलाल झां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 30 सितम्बर को वह भागवत कथा पर हवन-पूजन करा रहा था। घर सूना था, तभी शाम करीब 5 बजे वह अपने घर आया तो उसने देखा कि घर में रखी 2 पेटी जिसमें चांदी 500 ग्राम व दुकान की उधारी की किताब वही, खाता, मोबाइल व अन्य आवश्यक कागजात के अलावा तीन लाख रुपये नकदी नहीं मिले। आरोप है कि अज्ञात बदमाश उसके घर से पेटी सहित उक्त सामान को चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

## संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में गेट पर धूम्रपान करने से रोकना पड़ा भारी

# सिगरेट पीने से रोका तो टीटीई से की मारपीट

**ललितपुर।** ट्रेन कोच के गेट पर खड़े होकर धूम्रपान कर रहे यात्री को मना करना कार्यरत सीनियर टीटीई को भारी पड़ गया। यात्री ने ट्रेन में कार्यरत सीनियर टीटीई को गालियां देते हुये गेट से फेंकने का प्रयास किया तो वहीं मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। सीनियर टीटीई की तहरीर पर ललितपुर जीआरपी पुलिस ने यात्री के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

ट्रेन संख्या 12122 मध्य प्रदेश सम्पर्क क्रान्ति एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-1, एस-2 व एस-3 में कार्यरत मध्य प्रदेश के जिला मण्डला अंतर्गत मनोज प्रिंटिंग प्रेस के सामने निवासी सीनियर टीटीई अनिमेष कुमार पुत्र मनोहर साहू ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि जैसे ही ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन से निकली, जिसके बाद उसके कोच संख्या एस-1 में एक पैसेंजर सीट नं.66 पर था, जिसका नाम रिसब पांडे बताया गया है, जो कि निजामुद्दीन स्टेशन से जबलपुर तक की यात्रा कर रहा था। बताया कि पैंसेजर एस-1 के गेट पर खड़ा होकर धूम्रपान कर रहा था, जिसे मना करने पर यात्री द्वारा उन्हें गालियां दीं गयी। विरोध करने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुये उन्हें गेट के पास धक्का देने का प्रयास करते हुये हाथापाई कर मारपीट की गयी। आरोप है कि यात्री ने उन्हें धमकाते हुये जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना सीनियर टीटीई द्वारा कमर्शियल कंट्रोल को 01/04 पर कॉल किया और उन्हें सूचित किया। तत्पश्चात मेमो बनाकर आरपीएफ व जीआरपी को सौंप दिया। इसके अलावा सागर रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर प्रभारी को अवगत कराया। पुलिस ने सीनियर टीटीई की तहरीर पर नामजद यात्री पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पातालकोट एक्सप्रेस से मोबाइल चोरी

भोपाल अंतर्गत थाना आनंद नगर के म.नं. 105 वर्धमान सिटी शिखर मेरेडीयन रायसेन रोड पटेल नगर निवासी सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व.रघुनंदन लाल ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 7 सितम्बर को ट्रेन संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस के कोच एस-6 के बर्थ नं. 12 पर वह ललितपुर से भोपाल की यात्रा कर रहा था। वह जैसे ही ललितपुर स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन में चढ़ा तो उसने देखा कि उसकी पेंट की जेब से मोबाइल फोन जिसकी कीमत चोरी हो गया। मामले की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राजीनामा करने का दबाव बनाकर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम धवारी निवासी राजनन्दनी पुत्री राजा सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को अपराह्न 1 बजे वह गांव के बस स्टैण्ड प्रतीक्षालय के पास मौजूद थी। तभी गांव के कृपेन्द्र सिंह पुत्र उम्मेद सिंह, रंजना पत्नी कृपेन्द्र सिंह, कु.रक्षा व अंशु एकराय होकर उसके पास आये और उनके खिलाफ दर्ज कराये गये मुकद्दमें में राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसका गला दबाकर लात-घूसों से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। घटना को गांव के भगवान सिंह, संगीता ने देखा और बचाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एसपी ने पैदल मार्च कर लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# जुमे की नमाज के मद्देनजर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आम जनमानस में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार (जुमे) की नमाज के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी ने आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उन्हें किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं कानून व्यवस्था में सहयोग बनाए रखने की अपील की। इस दौरान जिले की समस्त मस्जिदों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी के साथ एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। गश्त के दौरान प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग अभियान के दौरान एसपी ने पुलिस बल को निर्देशित किया कि वह स्वयं यातायात के नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें और वाहन संबंधी दस्तावेजों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखें। एसपी के निर्देशन में दौरान चैकिंग, यातायात नियमों (बिना नम्बर प्लेट वाहन, ब्लैक फिल्म, बिना हेल्मेट/बिना सीटबेल्ट आदि) का पालन न करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।

### चार बस्तियों से निकले स्वयंसेवकों का एक साथ हुआ विलय, प्रांत पदाधिकारी ने दिया उद्बोधन

# संघ ने मनाया शताब्दी वर्ष, विजयादशमी पर्व पर संघ का पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विजयादशमी पर्व एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर गुरुवार को नगर में संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। नगर की विवेकानंद बस्ती, महाकाल बस्ती, रविदास बस्ती एवं सुदर्शन बस्ती से अलग-अलग स्थानों से प्रारंभ हुए संचलन नगर भ्रमण करते हुए एक ही स्थल पर आपस में विलय हुए। इस दौरान नगर राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की झलक से सराबोर हो उठा।

घोष की गूंज, ध्वज वेशभूषा और कदम से कदम मिलाकर चल रही स्वयंसेवकों की अनुशासित टुकड़ियों ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। चारों संचलनों का समापन स्थानीय मांगलिक परिसर में समाजसेवी शिवनारायण मालवीय की अध्यक्षता में हुआ, तत्पश्चात संघ के प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान ने स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनों को संबोधित किया। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष और विजयादशमी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य का है। ठीक 100 वर्ष पूर्व 1925 में डॉक्टर हेडगेवार ने संघ का वीज रोपण किया था, जो आज वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है।

## संघ संगठन नहीं बल्कि एक विचार है

उन्होंने कहा कि संघ केवल संगठन नहीं बल्कि एक विचार है, इसलिए अनेक बाधाओं और विरोध के बावजूद इसे समाप्त नहीं किया जा सका। डॉक्टर साहब का स्पष्ट मत था कि व्यक्ति निर्माण से समाज और समाज निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होता है। इसी उद्देश्य से शाखा पद्धति का निर्माण किया गया, जिसके माध्यम से चरित्र और स्वभाव निर्माण का सतत अभ्यास चलता है। चैहान ने कहा कि आज संघ 39 देशों में विभिन्न नामों से सक्रिय है। डॉक्टर हेडगेवार का स्वप्न भारत को परम वैभव संपन्न राष्ट्र बनाने का था। यह लक्ष्य अब दूर नहीं, लेकिन इसके लिए हमें और अधिक परिश्रम, गति और शक्ति से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन केवल सत्ता से नहीं होता, बल्कि संगठनों और प्रत्येक नागरिक के योगदान से होता है। जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम का भाव अपनाएगा तभी भारत विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित होगा। कार्यक्रम के अंत में संघ की प्रार्थना के साथ पथ संचलन का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, नगरवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विशेष जोर दिया

1. समरसता – जातिगत भेदभाव दूर कर समाज में समानता का भाव।
2. स्वदेशी – प्रत्येक नागरिक के जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग।
3. परिवार व्यवस्था – भारतीय संस्कृति की जड़ को मजबूत करना, परिवार को जोड़कर रखना।
4. पर्यावरण संरक्षण – प्रकृति का संतुलन बनाए रखना और उसका रक्षण करना।
5. नागरिक कर्तव्य – समाज और राष्ट्र के नियमों का पालन करते हुए अच्छे नागरिक बनना।

### कुरावर में भी मनाया गया संघ का शताब्दी वर्ष

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर की शस्त्र पूजन, संघ का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा करना, राष्ट्र निर्माण में हम सब का गिलहरी जैसा सहयोग होना चाहिए यह बात संघ के जिला समरसता प्रमुख चंद्रवंशी ने कही। सन 1925 स्थापना से लेकर वर्ष 2025 के शताब्दी वर्ष को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शस्त्र पूजन कर शताब्दी वर्ष मनाया।*

## माचलपुर में विजयदशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



### सिविल सर्जन बोले मृत लाया गया था युवक

## इलाज में लापरवाही, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा



**राजगढ़।** मुख्यालय समीपस्थ ग्राम बाल्दिया निवासी एक 20 वर्षीय युवक बनवारी पिता रामप्रसाद वर्मा गांव के समीप स्थित तालाब में मूर्ति विसर्जन के दौरान डूब गया। परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि अस्पताल लाने के तुरंत बाद उसका इलाज शुरू नहीं किया गया अन्यथा उसकी मौत नहीं होती। इस बात को लेकर ग्रामीणों द्वारा कुछ देर तक अस्पताल में हंगामा किया गया। बाद में एसडीओपी, टीआई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी लेकिन वे हंगामा करते रहे। ऐसे में पुलिस को उन्हें शांत करने तितर-बितर करना पड़ा। बाद में मृतक के पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

मृतक युवक बनवारी के भाई मुकेश वर्मा ने बताया कि हम सिर्फ डॉक्टर्स से उचित इलाज की मांग कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने हमें खदेड़ते हुए हमारे साथ मारपीट की। वहीं, पुलिस का कहना है कि हमारे द्वारा कोई मारपीट नहीं की गई बल्कि हंगामा कर रहे लोगों को शांत करने समझाइश दी गई थी। ग्रामीणजन डॉक्टर्स सहित चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों से भी अभर्दता कर रहे थे।

### इनका कहना है...

युवक बनवारी को मृत स्थिति में ही अस्पताल लाया गया था। ड्यूटी डॉक्टर ने तुरंत उसकी ईसीजी इत्यादि जांचें भी करवाईं जिसमें वो मृत ही पाया गया।

**नितिन पटेल, सिविल सर्जन, राजगढ़**

### मूर्ति विसर्जन के दौरान क्रेन पलटी, हादसा टला

**कुरावर।** कुरावर के समीप मोईलीकला में बने तालाब पर में मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हाादसा होते होते टला है। यहां क्रेन पलटने से मूर्ति विसर्जन कर रहे लोग बाल-बाल गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कुरावर से 12 किलोमीटर दूर ग्राम मोईलीकला में बने तालाब पर दुर्गा माता की मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा उस समय टल गया जब कुरावर चल समारोह के पश्चात करीब 25 से अधिक दुर्गा माता की मूर्तियां विसर्जन के लिए मोईली कला स्थित तालाब पर पहुंची। तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए बड़ी क्रेन लगाई गई थी एक एक कर नगर परिषद के कर्मचरी सावधानीपूर्वक मूर्ति विसर्जन के कार्य में लगे थे तभी कुरावर के वार्ड क्रमांक 05 में स्थापित कुरावर की महारानी समिति में स्थापित विशाल मां काली की मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा था इसी दौरान क्रेन अचानक पलट गई, हादसे में विसर्जन कार्य में लगे नगर के कर्मचारी सहित पास खड़े लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि इस हादसे में माता की मूर्ति खंडित हो गई और गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



## खुजनेर में 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन

**खुजनेर।** नगर खुजनेर में विजयदशमी का पर्व बड़े धूमधाम से मना। 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। वहीं उज्जैन व राजस्थान के कलाकारों द्वारा रावण का पुतला बनाया गया विजयदशमी का पर्व रावण पर भगवान राम की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नगर के पं दीनदयाल चैराहा न्यू दशहरा मैदान पर गुरुवार शाम को नगर परिषद द्वारा चाक चैबंद व्यवस्था की गई। परंपरा अनुसार नगर के मज्जिद चैक स्थित श्री राम मंदिर से चल समांरोह प्रारम्भ हुआ जो झंडा पीपल राजगढ़ चौराहा से झिरी वाले मंदिर से शिमला बस स्टैंड से होते हुए श्री राम के भजनों पर झूमते गाते विमान नया दशहरा मैदान पहुंचा जहां रावण दहन कर पुनःविमान श्री राम मंदिर पहुंचा। वहीं अलग-अलग प्रकार की रंग बिरंगी आतिशबाजी के बाद 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। नगर परिषद सीएमओ कृष्णकांत शर्मा द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष 56 फीट का रावण का पुतला बनाया था इस बार 71फीट ऊंचा रावण बनाया गया है, जिसमे राजगढ विधायक अमर सिंह यादव नप अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह नप पार्षद सहित बडी संख्या में नगर वासी मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**सारंगपुर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चैक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। सत्य और अहिंसा का उनका संदेश हर युग में प्रासंगिक है और हमें राष्ट्रहित में उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी जी कोठार,वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सोनी,शिवनारायण पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर,पार्षद गोपाल पाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो सभी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।

### आतिशबाजी और शोभायात्रा के बीच जला अहंकार का प्रतीक रावण

## कर्मचारी कॉलोनी दशहरा मैदान में हुआ रावण का दहन





**कालापीपल।** विजयादशमी पर्व के अवसर पर कर्मचारी कॉलोनी वार्ड क्रमांक 5 स्थित दशहरा मैदान में हिंदू उत्सव समिति द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण की सवारी के साथ हुई। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर, गणेश मंदिर, आवास एवं कर्मचारी कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची।


नगर के वरिष्ठ जनों ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीराम-लक्ष्मण की सवारी का स्वागत किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु दशहरा मैदान पर एकत्र हुए। आतिशबाज़ी और 30 फ़ीट ऊचे रावण दहन का दृश्य देखते ही बनता था। पूरे वातावरण में अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक भगवत सिंह वर्मा ने किया। अंत में वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद अनीता भगवत राजपूत ने नगर परिषद पानखेड़ी कालापीपल के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, समस्त पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बद्रीलाल पुरबिया एवं समस्त स्टाफ, धर्म प्रेमी भाई-बहनों, पुलिस प्रशासन, पत्रकार गण एवं हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## विजयादशमी पर्व पर पुलिस थाने में राज्यमंत्री टेटवाल ने शस्त्र पूजन किया



**सारंगपुर।** विजयादशमी पर्व पर परंपरानुसार शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन सारंगपुर पुलिस थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इसलिए शस्त्र पूजन हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है। एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा सहित पुलिस बल के जवानों ने भी विशेष पूजा-अर्चना में भाग लिया। पूजन के बाद मंत्री टेटवाल ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से भेंट कर उनके कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और उन्हें समाज की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला



**जीरापुर।** विजयदशमी उत्सव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ हुआ। जो नगर के प्रमुख मार्ग आवास कॉलोनी खिलचीपुर नाका बस स्टैंड गांधी बस्ती भावसार मोहल्ला शाहजी मोहल्ला चोपड़ा बाजार बुधवारिया बाजार अटल चैक माचलपुर नाका इंद्र चैराहा होते हुए यथार्थ अपने स्थान स्टेडियम ग्राउंड पहुंचा विजयदशमी उत्सव के पावन अवसर पर नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित न रहकर समाज के लिए संगठन, अनुशासन और संस्कृति का सशक्त संदेश लेकर आया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रामानंद शास्त्री बंडावत आश्रम महेश जमीदार खंड संघ संचालक में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सुरेश जैन ने कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है। भगवान श्रीराम ने इसी दिन लंका पर विजय प्राप्त कर मर्यादा, साहस और कर्तव्यपालन का आदर्श स्थापित किया। महिषासुर मर्दिनी माँ दुर्गा ने भी इसी दिन धर्म की रक्षा हेतु दुष्टों का संहार किया। इसीलिए विजयदशमी उत्सव हम सभी को अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है।

## विजयादशमी पर्व पर परंपरानुसार पुलिसलाइन में हुआ शस्त्र पूजन



**राजगढ़।** हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों का अध्ययन एवं सम्मान करना चाहिए। शस्त्र पूजा हमें धर्म, कर्म और कर्तव्य का बोध कराती है। उक्त विचार मध्यप्रदेश शासन के मछुवा कल्याण एवं मत्स्य विभाग (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री नारायण सिंह पंवार ने विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, पूर्व विधायक रघुनन्दन शर्मा, दीपेंद्र सिंह चौहान, मनोज हाड़ा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

विजयादशमी के पावन पर्व पर परंपरा अनुसार पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन करने के बाद पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आधुनिक भारत एवं आधुनिक मध्यप्रदेश में प्रदेश की पुलिस को आधुनिक हथियार, शस्त्र एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने के दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। विजयादशमी के पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि शस्त्रों का पूजन करने से हमें साधना एवं कर्तव्य की अनुभूति होती है। इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री निधि भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मनाई जयंती



**कुरावर।** नगर परिषद कुरावर अंतर्गत शासन के निर्देशन अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत गुरुवार को कार्यालय नगर परिषद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर फूल माला अर्पण कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी द्वारा स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया गया और जनप्रतिनिधियों द्वारा सफाई मित्रो की सुरक्षा हेतु सभी को पीपीई किट प्रदान कर फूल माला से सम्मानित किया एवं कार्यक्रम का आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लीलाधर सेन द्वारा किया गया। ,सभी जनप्रतिनिधियों , अधिकारीगण एवं सफाई मित्रो द्वारा कालापीपल रोड स्थित शमशान पर साफ सफाई कर श्रमदान किया एवं स्वच्छता की शपथ ली।

### संपूर्ण जिले में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया विजयादशमी पर्व

# आतिशबाजी के बीच धूं-धूं करके जले दशानन

## राजगढ़ में निकले चलसमारोह में रामायण के पात्रों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी गुरुवार को मुख्यालय सहित जिले भर में धूमधाम और उल्लास के साथ विभिन्न आयोजनों के बीच मनाया गया। सूर्यास्त उपरान्त प्रदोषकाल में सभी जगह रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण के पुतलों का दहन किया गया। इसके उपरान्त सभी ने अपने मन के अंदर की बुराईयों के दहन का भी संकल्प लिया और एक-दूसरे के गले मिलकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

विजयादशमी पर मुख्यालय पर इस वर्ष निकाला गया चल-समारोह अन्य वर्षों की अपेक्षा काफी खास रहा। काशीपुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर से रामायण के विभिन्न 45 पात्रों को सम्मिलित करते हुए अलग-अलग 12 झांकियां बनाई गई थी। मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त गाजे-बाजे, ढोल-ढमाकों के बीच चल-समारोह आरंभ हुआ जो पुराने बस स्टैंड, घूमघाटी होता लक्ष्मीकांत मंदिर पहुंचा। यहां राम-लक्ष्मण की जीवंत झांकी परंपरानुसार झांकी अलग से सजाई गई थी। गार्ड ऑफ ऑनर उपरान्त चल-समारोह पुनः आरंभ हुआ जो पारायण चैक तक पहुंचा।



### पारायण चौक में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

चल समारोह के पारायण चौक पहुंचने पर वहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित हुआ एवं भगवान राम-हनुमान का मिलन करवाया गया। इसके उपरान्त चल-समारोह दशहरा मैदान के लिए रवाना हुआ। इस बीच 45 दिव्य पात्रों द्वारा विभिन्न तरह की प्रस्तुतियां चल-समारोह के दौरान दी गईं।

### रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच जले दशानन

मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने निर्मित नवीन दशहरा मैदान पर नगर पालिका द्वारा दर्शकों के लिए व्यापक इंतेजाम किए गए थे। यहां विमान में विराजमान भगवान की पूजा इत्यादि उपरान्त करीब 1 घंटे तक रंगबिरंगी आतिषबाजी से रात्रि में भी आसमान सतरंगी हो उठा। इसके उपरान्त भगवान राम ने अपना तीर रावण की नाभि में मारा और बुराई धूं-धं करके जल उठी। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक रावण दहन के साक्षी बने।